# Biotech Park

Sector 'G", Jankipuram, Kursi Road
Lucknow-226021

Phone: 0522-2365050

Fax: 0522-4012081


कूरियर सेवा

| |
|---|
| सभी पत्राचार मुख्य अधिषासी अधिकारी के नाम से हों, किसी अन्य अधिकारी के नाम से नहीं। |

## कोटेशन हेतु निवेदन

सेवा में,

| | | |
|---|---|---|
| ………………………….. | दिनांक | : 16-03-2018 |
| …………………………. | जांच संख्या | : BP/4(1)/02/17-18 |
| …………………………. | पहुंचने की तारीख | : 23-03-2018 |
| …………………………. | खुलने की तारीख | : 23-03-2018 (03:30 PM) |

प्रिय महोदय,

हम नीचे उल्लिखित सामानों की खरीद के लिए इच्छुक हैं। कृपया सील बन्द लिफाफे में इस कार्यालय को दिनांक 23-03-2018 तक अथवा उसके पूर्व प्रेषित करें। हर चीज की कीमत उसकी मात्रा के अनुसार प्रदर्शित करें।

| क्रसं. | सामान का विवरण | मात्रा | मूल्य (प्रति ईकाई) | कुल धनराशि | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | रू0 | पै0 |
| 1. | Misc. Chemicals<br>(For specification see attachment "A") | | | | |
| **Please quote only for the required make. Other make will not be accepted.** | | | | | |

आवश्यक : अगर आप निर्माता हैं या निर्माता के अधिकृत वितरक/व्यापारी हैं तो साक्ष्य स्वरूप प्रमाण अवश्य भेजें।

नोट : आपका प्रस्ताव कोटेशन खुलने की तिथि से कम से कम छः माह तक के लिए वैध होगा।

1. एफ.ओ.आर. पैसेन्जर/मालगाड़ी लारी सेवा या बायोटेक पार्क, स्टोर को निशुल्क होगा।
2. स्थानीय सप्लायर्स को अपने मूल्य की दरें बायोटेक पार्क स्टोर को निशुल्क वितरण सहित उद्घृत करना चाहिये।
3. आपकी दरों में पैकिंग और अग्रशण शुल्क भी भी भी षामिल होना चाहिये।
4. जहां भी सम्भव हो कोटेशन के साथ में और मूख्यतः मदों के सम्बन्ध में नमूने आवश्यक रूप से प्रस्तुत किये जाने चाहिये अन्यथा प्रस्ताव पर विचार नहीं किया जायेगा।
5. सभी छपे हुए निर्देशों का सावधानी पूर्वक पालन अवश्य किया जाये।
6. गारंटी/वारंटी के विषय में अवश्य लिखें।
7. **Packing, Forwarding, Insurance, Transportation and Taxes etc. should be clearly mentioned.**

नोट : प्रत्येक कोटेशन मोहरबन्द होना चाहिये तथा लिफाफे पर हमारे कोटेशन नम्बर, दिनांक एवं खुलने की तारीख अवश्य होनी चाहिये अन्यथा कोटेशन स्वीकार नहीं किया जायेगा।

कृते मुख्य अधिशासी अधिकारी

1- हम देशी उत्पादन या विदेश निर्मित उपलब्ध तैयार माल की सामग्री के प्रस्तावों पर विचार करने को तैयार हैं। पूर्तिकार के निजी आयात कोटा लाइसेन्स के अन्तर्गत अग्रवर्ता वितरण के आधार पर किसी भी पूर्ति के प्रस्ताव पर ही विचार किया जायेगा। ऐसे मामलों में कृप्या आई.सी.डी. संख्या तक अपने विदेशी प्रमुख का नाम और पता भी सूचित करें।

2- यदि प्रेषण किए जाने वाले स्टेशन के लिए मूल्य उद्घृत किये गये हों तो स्टेशन के नाम का उल्लेख अवश्य किया जाना चाहिये।

3- अपने कोटेशन में सामग्री के सामने कृप्या मद की क्रम संख्या भी निर्दिष्ट करें जैसा की हमारी जांच (इन्क्वायरी) में दिखाया गया है।

4- सामान हेतु कोटेशन का प्रस्ताव करते समय निर्माण के नाम एव पते के साथ सम्पूर्ण विर्निदेश दिये जाने चाहिये। कोटेशन पर विचार करते समय अनिश्चितता वर्णित करेन वाले "भारतीय निर्माण या विदेशी निर्माण" को अस्वीकार किया जाना चाहिये। जहां भी उपयुक्त हो पाठ्य सामग्री/पुस्तकाएं भी संलग्न की जानी चाहिये।

5- एफ.ओ.आर. कोटेशन के मामलों में बीमा की भी व्यवस्था की जानी चाहिये। सामान आपके द्वारा आपके पक्ष में सभी प्रकार के जोखिम हेतु गोदाम से गोदाम तक के आधार पर बीमाकृत होना चाहिये।

6- बिक्री कर (उ0प्र0 व्यापार कर अथवा केन्द्रीय बिक्री कर) की दर जहां भी आदेय हों, स्पष्ट रूप से निर्दिष्ट की जानी चाहिये। यह कार्यालय प्रपत्र "सी" जारी करने के लिये पात्र नहीं हैं। तथापि केन्द्रीय बिक्रीकर की रियायती दर जो शोध संस्थानों द्वारा निश्चित राज्यों जैसे महाराष्ट्र, दिल्ली, पश्चिम बंगाल इत्यादि राज्यों से वैज्ञानिक उपकरण, उपकरण आदि खरीदने पर स्वीकार होती है, इस कार्यालय पर भी लागू होगी।

7- इस बात का विशेष उल्लेख किया जाना चाहिये कि सामान की सुपुर्दगी पुराने स्टाक से होगी या सामान का आयात करना होगा या कर्मशाला से प्राप्त करना होगा तथा आदेश प्राप्ति के पश्चात सामान की सुपुर्दगी में जो समय लगेगा उसका उल्लेख होना चाहिये। यदि आपके प्रस्ताव के विरूद्व कोई आदेश दिया जाता है तो सामान सौपे जाने के समय का कठोरता पूर्वक पालन करना होगा।

8- हम पूर्ति तथा निपटान महानिदेशालय की प्रत्यक्ष मांगकर्ता अधिकारियों की सूची में शामिल हैं। यदि पृष्ठ के दूसरी ओर उल्लिखित मदों में से कोई भी प्रस्तावित दर/चालू संविदा सूचियों में है तो कृप्या पूर्ति तथा निपटान, महानिदेशालय की दर तथा संविदा सन्दर्भ उद्घृत करें तथा आर.सी. की भी एक प्रति भेजें।

9- डाक द्वारा भेजे गये कोटेशन मुहरबन्द होना चाहिये तथा उसके उपर उल्लिखित विषयानुसार अंकित होना चाहिये। व्यक्तिगत रूप से सौपे गये कोटेशन वित्त एवं लेखा अधिकारी के कार्यालय में रखी हुई निविदा पेटी में डाला जाना चाहिये।

10-पूर्ति हेतु भुगतान सीधे पूर्तिकर्ता को इंडियन ओवरसीज बैंक, कुर्सी रोड शाखा, लखनऊ–226021 के रेखांकित चेक द्वारा अथवा **NEFT** हेतु बैक का विवरण निविदाकर्ता द्वारा स्पष्ट रुप से दिया जाना चाहिये। यह ध्यान दिया जाय कि सामान के अच्छी दशा में प्राप्त होने तथा स्थापना पर ही भुगतान किया जायेगा।

11-कोटेशन की स्वीकृति बायोटेक पार्क, लखनऊ के सक्षम प्राधिकारी पर निर्भर होगी जो कि न्यूनतम दर सूची को स्वीकार करने हेतु बाध्य न होंगे तथा जिसके पास किसी एक या सभी प्राप्त कोटेशन को बिना कारण बताये अस्वीकार करने या आंशिक रूप से स्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है।

12-यदि उपरोक्त शर्तों का पालन नहीं किया जाता है तो कोटेशन अस्वीकृत किये जा सकते हैं।

13-निविदाकर्ताओं की शर्तो (पीछे छपी हुई) यदि कोई हों, या निविदा के साथ भेजी गई अन्य शर्तों से हम बाध्य नहीं होंगे।

14-निविदा के अर्न्तगत माल के कय करने में मदो को घटाने अथवा बढाने तथा किन्ही कारणों से निविदा को निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार बायोटेक पार्क के पक्ष में होगा।

BIOTECH PARK LUCKNOW

Attachment "A"

| Sl No. | Particular | Qty |
|---|---|---|
| 1. | Phosphate buffered saline P3813-10 Pak | 5 |
| 2. | Dulbecco'c modified eagle's (medium) D8900-10x1L | 5 |
| 3. | Hank's balanced salt (H1387-10xL) | 5 |
| 4. | Millex-GP syringe filter (SLGP03BRS) | 1 |
| 5. | Absolute alcohol AR 500 ml (Merck) | 1 |
| 6. | China alcohol 500ml | 6 |
| 7. | Aceton AR 500 ml (Merck) | 1 |
| 8. | Chloroform 500 ml (Merck) | 1 |
| 9. | Polyvinylpyrrolidone-40 (PVP-40) Merck | 1 (50 g) |
| 10. | NNNNt Tetramehyle Ihylenediamine (TEMED) Merck | 25 ml (1) |
| 11. | EDTA Merck | 100 g |
| 12. | Antibiotic/ Antimycotic solution 10x | 100 mlx1 |
| 13. | Tris base (Genei Merck) | 100 gmx1 |
| 14. | Acrylamide (Merck/Himedia) | 100gx1 |
| 15. | Bis Acrylomide Merck | 100gx1 |
| 16. | Labolene (Fisher Scientific) | 5ltx1 |
| 17. | DNA Ladder (DNA Marker) Merck | 1mlx1 |
| 18. | Conical Bottom Sterile centrifuge tube (50ml) –ILS | 250 pcs |
| 19. | Conical Bottom Sterile centrifuge tube (15ml)-ILS | 250 pcs |
| 20. | 25cm2 flask polysterill coated 100 Pc-ILS | 100 pcs |
| 21. | Tissue roll (Wintex) | 18 |
| 22. | Pipettes tips 100-1000ul (ILS) 1000/pcs-ILS | 3 pkt |
| 23. | Pipettes tips 10-200ul (ILS) | 2 pkt |
| 24. | Pipettes tips 1-10ul (ILS) | 1 pkt |
| 25. | 2ml flat micro centrifuge tube (1000 P/pkt)-ILS | 1pkt |
| 26. | 1.5 ml conical micro centrifuge tube-ILS | 1pkt |
| 27. | 20 ml syringe 50 pcs/pkt-ILS | 2 pkt |

BIOTECH PARK ★ LUCKNOW ★